# कार्यालय नगर निगम हल्द्वानी–काठगोदाम

नैनीताल रोड, हल्द्वानी पिन कोड– 263139

(www.Nagarnigamhaldwani.in) toll free no- 8882610000

E-Mail- haldwaninagarnigam@gmail.com दूरभाष– 05946–220035


पत्रांक :– 1472 / मार्केटिंग अनुभाग

दिनांक :– 9/10/25

## सार्वजनिक निविदा सूचना

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय नगर निगम हल्द्वानी–काठगोदाम द्वारा निम्नलिखित टू–बिट आधारित निविदायें आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | निविदा की तिथि | निविदा खोलने की तिथि व समय | जानकारी हेतु कक्ष / अनुभाग |
|---|---|---|---|---|
| 01 | कठघरिया चौराहे पर नगर निगम के स्वामित्व वाली भूमि पर दुकानों के प्रस्तावित निर्माण एवं उच्चतम प्रीमियम के आधार पर किराये पर देने हेतु। | दि0 10-10-25 को 11:00 AM से दि0 24-10-25 को 01:00 PM तक | दि0 24-10-25 को 03:00 PM | कक्ष सं0 012 |

उपरोक्त निविदायें की नियम व शर्ते नगर निगम की बेबसाइट www.haldwaninagarnigam.in पर भी देखी जा सकती हैं।

नगर आयुक्त
नगर निगम हल्द्वानी–काठगोदाम।

महापौर
नगर निगम हल्द्वानी–काठगोदाम।

प्रतिलिपि :– निम्न को सूचनार्थ एवं नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु प्रेषित :–

1. सम्पादक दैनिक जागरण नैनीताल संस्करण एवं सम्पादक उत्तर उजाला को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त निविदा को न्यूनतम निर्धारित दरों में अधिकतम 60 वर्ग सेमी0 पठनीय स्पेस में में प्रकाशित कर भुगतान हेतु संस्करण की दो प्रतियां बिल भुगतान हेतु प्रस्तुत करें।
2. प्रांजलि वैंचर्स को इस आशय से प्रेषित की वे उपरोक्त निविदा सूचना नगर निगम वेबसाईट में अपलोड किया जाना सुनिश्चित करें।
3. कार्यालय उप जिलाधिकारी हल्द्वानी, कार्यालय तहसीलदार हल्द्वानी, नगर निगम हल्द्वानी–काठगोदाम के कार्यालय नोटिस बोर्ड में चस्पा हेतु।
4. कार्यालय नगर निगम हल्द्वानी–काठगोदाम के सूचना पट्ट पर चस्पा हेतु।

नगर आयुक्त
नगर निगम हल्द्वानी–काठगोदाम।

**नगर निगम सीमान्तर्गत कठघरिया चौराहे पर नगर निगम के स्वामित्व वाली भूमि पर दुकानों के प्रस्तावित निर्माण एवं आवंटन हेतु निविदा की शर्तें :–**

1. आवंटन हेतु दुकानों का निर्माण प्रस्तावित है जिनके आवंटन हेतु टू–बिड आधारित सील बन्द निविदायें आमंत्रित की जाती हैं।
2. दुकान आवंटन हेतु इच्छुक व्यक्ति पृथक–पृथक लिफाफों में तकनीकी व वित्तीय निविदायें अंकित करते हुए तथा दोनों लिफाफों को एक अन्य बड़े लिफाफे में डालकर उस पर निविदादाता का नाम व दुकान सं0 स्पष्ट अंकित करते हुए दिनांक 24.10.25 को अपराहन 01:00 बजे तक नगर निगम कार्यालय के कक्ष सं0 12 में रखे निविदा बॉक्स में डाल सकते हैं परन्तु एक व्यक्ति को एक ही दुकान आवंटित की जायेगी।
3. बिना वापसी प्रीमियम की उच्चतम धनराशि प्रस्तावित करने वाले निविदादाता को आवंटित की जाने वाली दुकानों की प्रस्तावित बिना वापसी उच्चतम प्रीमियम धनराशि का 1/3 भाग 01 सप्ताह के अन्दर नगर निगम कार्यालय में जमा कराना अनिवार्य होगा प्रीमियम की शेष धनराशि दो समान किश्तों में 02 (दो) माह के अन्तर पर जमा कराना अनिवार्य होगा।
4. सर्वोच्च धनराशि की नॉन रिफण्डेबल प्रीमियम धनराशि प्रस्तावित करने वाले निविदादाता के द्वारा नॉन रिफण्डेबल प्रीमियम धनराशि जमा कराये जाने के पश्चात ही नगर निगम द्वारा 06 माह के भीतर दुकानों का निर्माण कर आवंटियों को उपलब्ध करायी जायेंगी।
5. दुकान आवंटन हेतु निविदा प्रपत्र मूल्य रू0 1,500/– (18 प्रतिशत जी0एस0टी0 अतिरिक्त) प्रति निविदा होगी, जिसका डिमाण्ड ड्राफ्ट नगर आयुक्त, नगर निगम हल्द्वानी–काठगोदाम के नाम पर देय होगा।
6. निविदा प्रपत्र के साथ प्रस्तावित निविदा धनराशि की 10 प्रतिशत धनराशि की एफ0डी0आर0 जो कि नगर आयुक्त, नगर निगम हल्द्वानी–काठगोदाम के नाम पर बन्धक हो, प्रतिभूति के रूप में तथा आधार कार्ड, पैन कार्ड व सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र व स्थायी निवास प्रमाण पत्र, संलग्न करना अनिवार्य होगा, अन्यथा की दशा में निविदादाता की निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
7. आवंटित की जाने वाली दुकानों की न्यूनतम बिना वापसी प्रीमियम धनराशि निम्न सूची/नक्शे के अनुसार निर्धारित है, जो उच्चतम प्रीमियम धनराशि प्रस्तावित करने वाले निविदादाता को निविदा प्रक्रिया के पूर्ण होने के पश्चात 01 सप्ताह के अन्दर नगर निगम कार्यालय में जमा कराना अनिवार्य होगा :–

| क्र0 सं0 | दुकान सं0 | दुकान की स्थिति | दुकान का आकार (वर्ग फीट) | निविदा शुल्क धनराशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट (नगर आयुक्त के नाम पर देय) | न्यूनतम निर्धारित नॉन रिफण्डेबल प्रीमियम धनराशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 1 | भूतल | 107.99 | 1500+18 प्रतिशत जी0एस0टी0 अतिरिक्त | 11,50,000/– |
| 02 | 2 | भूतल | 107.99 | 1500+18 प्रतिशत जी0एस0टी0 अतिरिक्त | 11,50,000/– |
| 03 | 3 | प्रथम तल | 112.44 | 1000+18 प्रतिशत जी0एस0टी0 अतिरिक्त | 8,50,000/– |

क्रमशः.........2

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 04 | 4 | प्रथम तल | 112.44 | 1000+18 प्रतिशत जी0एस0टी0 अतिरिक्त | 8,50,000/– |
| 05 | 5 | प्रथम तल | 126.64 | 1000+18 प्रतिशत जी0एस0टी0 अतिरिक्त | 9,50,000/– |
| 06 | 6 | प्रथम तल | 104.91 | 1000+18 प्रतिशत जी0एस0टी0 अतिरिक्त | 8,00,000/– |
| 07 | 7 | प्रथम तल | 137.29 | 1500+18 प्रतिशत जी0एस0टी0 अतिरिक्त | 10,50,000/– |

**8.** दुकानें पूर्ण रूप से नगर निगम हल्द्वानी–काठगोदाम के स्वामित्व की रहेंगी, आवंटी दुकान में बहैसियत माह दर माह किरायेदार काबिज रहेगा और दुकान के स्वामित्व से उसका कोई सम्बन्ध नहीं रहेगा, दुकान का वार्षिक किराया प्रत्येक वित्तीय वर्ष में जून माह के अन्तिम सप्ताह तक जमा कराना अनिवार्य होगा।

**9.** निविदादाता की तकनीकी निविदा स्वीकृति होने के पश्चात ही वित्तीय निविदा खोली जायेंगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार नगर आयुक्त, नगर निगम हल्द्वानी–काठगोदम में निहित होगा

**10.** दुकान आवंटन होने के पश्चात आवंटी को 07 दिवस के अन्दर 05 वर्षों हेतु नगर निगम के साथ नियमानुसार अनुबन्ध एवं रजिस्ट्रेशन की कार्यवाही स्वयं के व्यय पर पूर्ण करनी होगी। आवंटी के साथ अनुबन्ध की तिथि की गणना दुकान उपलब्ध कराये जाने की तिथि से की जायेगी। आवंटी को आवंटित दुकान के सम्बन्ध में नगर निगम द्वारा अनुबन्ध की तिथि तक जारी बोर्ड प्रस्ताव/कार्यकारिणी समिति प्रस्ताव तथा इस सम्बन्ध में भविष्य में बोर्ड/कार्यकारिणी समिति के द्वारा जो भी प्रस्ताव पारित किये जाते हैं तथा शासन द्वारा जो भी शासनादेश पारित होते हैं द्वितीय पक्ष को उनका पालन करना बाध्यकारी होगा।

**11.** सर्वोच्च धनराशि की प्रीमियम प्रस्तावित करने वाले आवंटी द्वारा नगर निगम के साथ नियमानुसार अनुबन्ध का गठन न कराये जाने पर उसकी जमानत धनराशि जब्त कर द्वितीय सर्वोच्च प्रीमियम प्रस्तावित करने वाले आवंटी को निगोशियेसन हेतु आमंत्रित कर सर्वोच्च प्रस्तावक की प्रस्तावित प्रीमियम धनराशि ($H_1$) नगर निगम कार्यालय में जमा कराने की सहमति व्यक्त करने पर उसके पक्ष में दुकान आवंटित कर दी जायेगी।

**12.** उक्त प्रस्तावित दुकानें 15 वर्ष हेतु आवंटित की जायेंगी। आवंटन के पश्चात नगर निगम द्वारा आवंटी के साथ आवंटन की शर्तों का पालन किये जाने हेतु 05 वर्षों के लिए अनुबंध का गठन किया जायेगा। आवंटी द्वारा प्रथम 05 वर्षों में निर्धारित समय के भीतर किराया जमा कराये जाने व आवंटन की शर्तों का सन्तोषजनक रूप से पालन किये जाने पर ही पुनः 05–05 वर्षों के लिए अनुबंध का गठन किया जायेगा।

**क्रमशः.........3**

13. दुकान आवंटन में प्रतिभाग करने हेतु प्रार्थी को नगर निगम हल्द्वानी–काठगोदाम क्षेत्र का स्थायी निवासी होना अनिवार्य है जिस हेतु प्रार्थी को तकनीकि निविदा प्रपत्रों के साथ स्थायी निवास प्रमाण पत्र भी संलग्न करना अनिवार्य होगा।

14. आवंटित दुकानों के भूतल की दुकानों हेतु मासिक किराया रू0 50/– प्रति वर्ग फिट प्रति माह तथा प्रथम तल पर रू0 40/– प्रति वर्ग फिट प्रति माह देय होगा (18 प्रतिशत जी0एस0टी0 अतिरिक्त देय) जो कि नगर निगम के बोर्ड द्वारा निर्धारित अवधि/समय पर जमा कराना अनिवार्य होगा। दुकान किराये में तीसरे वर्ष में 10 प्रतिशत की वृद्धि की जायेगी।

15. यदि आवंटी द्वारा दुकान का मासिक किराया वित्तीय वर्ष के 30 जून तक जमा नहीं किया जाता है तो किरायेदार से 10 रु० प्रतिदिन की दर से अर्थ दण्ड वसूला जायेगा उक्त धनराशि को उस वित्तीय वर्ष की समाप्ति (31 मार्च) तक नहीं जमा कराया जाता है तो आवंटित दुकान का किरायेदारी आवंटन निरस्त करने का अधिकार नगर निगम को होगा। बकाये की वसूली मय विलम्ब शुल्क व नोटिस व्यय सहित भू–राजस्व के बकाये की वसूली की भाँति करने हेतु कार्यवाही की जायेगी।

16. प्रश्नगत दुकान में आवंटी द्वारा पॉलीथीन/थरमाकॉल/Single use plastic एवं अन्य प्रतिबन्धित उत्पादों का उपयोग/बिक्री पूर्णतः प्रतिबन्धित होगा तथा आवंटी द्वारा नगर निगम के देयकों/ट्रेड लाईसेंस/दुकान किराया आदि निर्धारित समय में जमा कराना अनिवार्य होगा।

17. आवंटी द्वारा आवंटित दुकान को किसी अन्य व्यक्ति को हस्तान्तरित नहीं किया जायेगा। यदि भविष्य में नगर निगम के संज्ञान में आता है कि मूल आवंटी के द्वारा किसी अन्य व्यक्ति को दुकान आवंटित की गई है तो मूल आवंटी की किरायेदारी स्वतः ही समाप्त समझी जायेगी।

18. आवंटी द्वारा आवंटित दुकान में बिना नगर निगम की अनुमति के दुकान में कोई परिवर्तन संशोधन, क्षेत्र विस्तार, मरम्मत आदि नहीं किया जायेगा, तथा अपने व्यवसाय के अतिरिक्त कोई अन्य व्यावसायिक विज्ञापन पट्ट/होर्डिंग बिना नगर निगम के अनुमति के नहीं लगाया जायेगा।

19. आवंटित दुकान की छत का स्वामित्व व अधिकार पूर्णतः नगर निगम का होगा आवंटी इसका कोई उपयोग नहीं करेगा न ही छत पर कोई सामान रखेगा, भविष्य में नगर निगम द्वारा आवंटित दुकान की छत पर कोई निर्माण कार्य ईमारत आदि की तामीर कराई जाती है तो आवंटी द्वारा इसमें कोई रूकावट/व्यवधान उत्पन्न नहीं किया जायेगा और न ही किसी माननीय न्यायालय में वाद दायर करेगा।

20. आवंटी आवंटित दुकान के आगे अतिक्रमण कर सार्वजनिक मार्ग, नाली आदि को अवरूद्ध नहीं करेगा और न ही किसी व्यक्ति विशेष को दुकान के आगे ठेला–फड़ इत्यादि लगाने देगा।

21. आवंटी को आवंटित दुकान में बिजली, पानी का संयोजन स्वयं के व्यय पर प्राप्त करना होगा तथा अन्य करों के भुगतान का दायित्व भी आवंटी का ही होगा। अग्नि शमन सुरक्षा व्यवस्था की पूर्ण जिम्मेदारी भी आवंटी की होगी।

क्रमशः.........4

**22.** आवंटी के द्वारा आवंटित दुकान के सम्बन्ध में राज्य सरकार, जिला प्रशासन, नगर निगम हल्द्वानी—काठगोदाम के नियमों एवं निर्देशों का पूर्णतः पालन करना अनिवार्य होगा।

**23.** नगर निगम को दुकानों की किसी भी समय आवश्यकता होने पर या आवंटी द्वारा दुकान आवंटन की शर्तों का पालन न किये जाने पर 02 माह का लिखित नोटिस देकर आवंटी की किरायेदारी को समाप्त करने का अधिकार नगर निगम को होगा तथा आवंटी 02 माह के भीतर दुकान खाली कर दुकान का कब्जा नगर निगम को सौंप देगा। ऐसा न करने पर नगर निगम को उक्त दुकान बल पूर्वक खाली कराकर कब्जा लेने का अधिकार होगा। उक्त के सम्बंध में यदि वैधानिक कार्यवाही करने की भी आवश्यकता होती है तो नगर निगम का जो भी व्यय होगा उसका भुगतान आवंटी द्वारा वहन किया जायेगा जिसकी वसूली आर0आर0सी0 के माध्यम से की जायेगी इस सम्बंध में आवंटी के द्वारा किसी भी माननीय न्यायालय में वाद दायर नहीं किया जायेगा।

**24.** दुकान आवंटन स्वीकृत होने के पश्चात निविदा की शर्तें भी अनुबन्ध का भाग होंगी तथा शर्तों के उल्लघंन होने की स्थित में प्रथम बार रू0 5,000/ एवं द्वितीय बार रू0 10,000/ व तृतीय बार में आवंटन निरस्त करते हुए जमानत धनराशि जब्त कर ली जायेगी तथा पुनः निविदा आमंत्रित की जायेगी। यदि पुनः निविदा किये जाने पर कोई आर्थिक क्षति होती है तो उसकी भरपाई आवंटी से भू—राजस्व वसूली की भाँति की जायेगी जिसके समस्त हर्जे—खर्चे का दायित्व सम्बन्धित आवंटी का होगा।

मार्केटिंग लिपिक
नगर निगम हल्द्वानी—काठगोदाम।

कर निरीक्षक
नगर निगम हल्द्वानी—काठगोदाम।

कर अधीक्षक
नगर निगम हल्द्वानी—काठगोदाम।

नोडल मार्केटिंग अनुभाग
नगर निगम हल्द्वानी—काठगोदाम।

वरिष्ठ वित्त अधिकारी
नगर निगम हल्द्वानी—काठगोदाम।

नगर आयुक्त
नगर निगम हल्द्वानी—काठगोदाम।

महापौर
नगर निगम हल्द्वानी—काठगोदाम।

कार्यालय नगर निगम हल्द्वानी–काठगोदाम
नैनीताल रोड, हल्द्वानी पिन कोड– 263139
(www.Nagarnigamhaldwani.in) toll free no- 8882610000
E-Mail- haldwaninagarnigam@gmail.com दूरभाष– 05946–220035

## कठघरिया चौराहे पर नगर निगम के स्वामित्व वाली भूमि पर प्रस्तावित दुकानों के आवंटन हेतु तकनीकी निविदा प्रपत्र :–

1. निविदादाता / फर्म का नाम –..............................
2. निविदादाता / फर्म का आधार कार्ड –..............................
3. निविदादाता / फर्म का पैन कार्ड –..............................
4. सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र–..............................
5. सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत स्थायी निवास प्रमाण पत्र –..............................
6. निविदा प्रपत्र मूल्य रू0 ........... + 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 (डिमाण्ड ड्राफ्ट)–..............................
7. 10 प्रतिशत जमानत धनराशि का विवरण–..............................
8. मो0नं0 –..............................
9. ई–मेल –..............................

मेरे / हमारे द्वारा उक्त कार्य हेतु निर्धारित शर्तों को भली–भॉति समझ लिया गया है तथा मेरे / हमारे द्वारा उपरोक्त शर्तों को पढ़ने व समझने के पश्चात निविदा की प्रक्रिया में प्रतिभाग किया गया है।

निविदादाता / अधिकृत प्रतिनिधि

हस्ताक्षर..............................

नाम एवं पता..............................

कार्यालय नगर निगम हल्द्वानी–काठगोदाम
नैनीताल रोड, हल्द्वानी पिन कोड– 263139
(www.Nagarnigamhaldwani.in) toll free no- 8882610000
E-Mail- haldwaninagarnigam@gmail.com दूरभाष– 05946–220035

कठघरिया चौराहे पर नगर निगम के स्वामित्व वाली भूमि पर प्रस्तावित दुकानों के आवंटन हेतु वित्तीय निविदा प्रपत्र :–

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | प्रस्तावित नॉन रिफण्डेबल धनराशि प्रीमियम (लाख में) |
|---|---|---|
| 01 | कठघरिया चौराहे पर नगर निगम के स्वामित्व वाली भूमि पर प्रस्तावित दुकानों के आवंटन हेतु उच्चतम प्रीमियम के आधार पर किराये पर देने हेतु प्रस्तावित प्रीमियम धनराशि। | |

नोट :– दरें स्पष्ट (शब्दों व अंकों में) लिखें।

निविदादाता / अधिकृत प्रतिनिधि

हस्ताक्षर....................................

नाम एवं पता...........................

मो0नं0........................................

# कार्यालय नगर निगम हल्द्वानी–काठगोदाम

नैनीताल रोड, हल्द्वानी पिन कोड– 263139

(www.Nagarnigamhaldwani.in) toll free no- 8882610000

E-Mail- haldwaninagarnigam@gmail.com दूरभाष– 05946–220035


पत्रांक :– 1472 / मार्केटिंग अनुभाग दिनांक :– 9/10/25

## सार्वजनिक निविदा सूचना

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय नगर निगम हल्द्वानी–काठगोदाम द्वारा निम्नलिखित टू–बिट आधारित निविदायें आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | निविदा की तिथि | निविदा खोलने की तिथि व समय | जानकारी हेतु कक्ष / अनुभाग |
|---|---|---|---|---|
| 01 | कठघरिया चौराहे पर नगर निगम के स्वामित्व वाली भूमि पर दुकानों के प्रस्तावित निर्माण एवं उच्चतम प्रीमियम के आधार पर किराये पर देने हेतु। | दि0 10-10-25 को 11:00 AM से दि0 24-10-25 को 01:00 PM तक | दि0 24-10-25 को 03:00 PM | कक्ष सं0 012 |

उपरोक्त निविदायें की नियम व शर्ते नगर निगम की बेबसाइट www.haldwaninagarnigam.in पर भी देखी जा सकती हैं।


नगर आयुक्त
नगर निगम हल्द्वानी–काठगोदाम।

महापौर
नगर निगम हल्द्वानी–काठगोदाम।

प्रतिलिपि :– निम्न को सूचनार्थ एवं नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु प्रेषित :–

1. सम्पादक दैनिक जागरण नैनीताल संस्करण एवं सम्पादक उत्तर उजाला को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त निविदा को न्यूनतम निर्धारित दरों में अधिकतम 60 वर्ग सेमी0 पठनीय स्पेस में में प्रकाशित कर भुगतान हेतु संस्करण की दो प्रतियां बिल भुगतान हेतु प्रस्तुत करें।
2. प्रांजलि वैंचर्स को इस आशय से प्रेषित की वे उपरोक्त निविदा सूचना नगर निगम वेबसाईट में अपलोड किया जाना सुनिश्चित करें।
3. कार्यालय उप जिलाधिकारी हल्द्वानी, कार्यालय तहसीलदार हल्द्वानी, नगर निगम हल्द्वानी–काठगोदाम के कार्यालय नोटिस बोर्ड में चस्पा हेतु।
4. कार्यालय नगर निगम हल्द्वानी–काठगोदाम के सूचना पट्ट पर चस्पा हेतु।

नगर आयुक्त
नगर निगम हल्द्वानी–काठगोदाम।




# Ground floor plan




NOTES

1. ALL DIMENSIONS AND LEVELS ARE IN METERS. UNLESS OTHERWISE MENTIONED.

2. NORTH SHOWN ON THE DRAWING IS MAGNETIC NORTH.

LEGEND:

| Sl. No. | Description | Symbol |
|---|---|---|
| 01 | | |
| 02 | | |
| 03 | | |


| Sl.No. | Date | Description of revision | Prints Issued |
|---|---|---|---|
| | 20.05.2025 | | |

Project :
PROPOSED CONSTRUCTION OF SHOPS & LABOUR SEATING AREA WITH TOILET BLOCK AT KATHGHARIYA HALDWANI DISTRICT NAINITAL UTTARAKHAND

Client :
NAGAR NIGAM KATHGODAM HALDWANI

CONSULTANT
PRISM VASTU
ARCHITECTURAL & ENGINEERING SERVICES
Office:-ABOVE CANARA BANK AT KUSUMKHERA HALDWANI
MOB.8449004083

सहायक अभियन्ता
नगर निगम
हल्द्वानी–काठगोदाम,




# First floor plan

NOTES

1. ALL DIMENSIONS AND LEVELS ARE IN METERS. UNLESS OTHERWISE MENTIONED.

2. NORTH SHOWN ON THE DRAWING IS MAGNETIC NORTH.

LEGEND:

| Sl. No. | Description | Symbol |
|---|---|---|
| 01 | | |
| 02 | | |
| 03 | | |

| Sl.No. | Date | Description of revision | Prints Issued |
|---|---|---|---|
| | 20.05.2025 | | |

Project :
PROPOSED CONSTRUCTION OF SHOPS & LABOUR SEATING AREA WITH TOILET BLOCK AT KATHGHARIYA HALDWANI DISTRICT NAINITAL UTTARAKHAND

Client :
NAGAR NIGAM KATHGODAM HALDWANI

CONSULTANT
PRISM VASTU
ARCHITECTURAL & ENGINEERING SERVICES
Office:-ABOVE CANARA BANK AT KUSUMKHERA HALDWANI